पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड
POWER FINANCE CORPORATION LTD.
(भारत सरकार का उपक्रम) (A Govt. of India Undertaking)
(आई.एस.ओ. 9001:2015 प्रमाणित) (ISO 9001:2015 Certified)

प्रेस विज्ञप्ति
15 फरवरी, 2023

पीएफसी ने अपने सीएसआर के भाग के रूप में 'स्वास्थ्य सेवा' और 'कौशल विकास' से संबंधित 3 करार ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए

नई दिल्ली, 15 फरवरी 2023: पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएफ़सी), एक महारत्न कंपनी और विद्युत क्षेत्र में भारत की अग्रणी एनबीएफ़सी, ने अपनी सीएसआर पहल के भाग के रूप में स्वास्थ्य सेवा और कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु **एमएनजे इंस्टीट्यूट ऑफ ऑन्कोलॉजी एंड रीजनल कैंसर सेंटर (एमएनजे)**, हैदराबाद, **कलगीधर सोसाइटी (टीकेएस)**, बरू साहिब, सिरमौर, हिमाचल प्रदेश और **पावर सेक्टर स्किल काउंसिल (पीएसएससी)** के साथ 3 अलग-अलग करार ज्ञापनों (एमओए) पर हस्ताक्षर किए हैं।

"एमएनजे इंस्टीट्यूट ऑफ ऑन्कोलॉजी एंड रीजनल कैंसर सेंटर" (एमएनजे) के साथ पहला एमओए 'एमएनजे में रखे जाने वाले 64 स्लाइस कंप्यूटेड टोमोग्राफी स्कैनर की आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग' के लिए था; **"द कलगीधर सोसाइटी"** (टीकेएस) के साथ दूसरे एमओए का उद्देश्य 'स्वास्थ्य सेवाओं का उन्नयन और कलगीधर सोसाइटी में मुफ्त सामुदायिक रसोई के लिए उपकरण उपलब्ध कराना था। **"पावर सेक्टर स्किल काउंसिल"** (पीएसएससी) के साथ तीसरा एमओए गुजरात, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड राज्यों में समाज के वंचित वर्गों से संबंधित 1000 व्यक्तियों को कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करने से संबंधित है। कौशल विकास कार्यक्रम का उद्देश्य भारत सरकार द्वारा शुरू की गई 'रिवैम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम' (आरडीएसएस) के कार्यान्वयन के लिए फील्ड स्तर पर प्रशिक्षित जनशक्ति प्रदान करना है।

श्री मनोज शर्मा, निदेशक (वाणिज्यक), श्री एम प्रभाकर दास, मुख्य महाप्रबंधक (सीएसआर), पीएफसी के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों और पीएसएससी, टीकेएस और एमएनजे के अन्य वरिष्ठ प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सभी समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए। कार्यक्रम के दौरान पीएसएससी, टीकेएस, एमएनजे और पीएफसी के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

भारत के अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम और एक जिम्मेदार कॉर्पोरेट के रूप में, पीएफसी स्वास्थ्य, शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्रों में विभिन्न विकासात्मक पहलों को वित्तीय सहायता देकर समाज के समग्र विकास को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

हस्ता/-
(एस.एस.राव)
मुख्य महाप्रबंधक (जनसंपर्क)

पंजीकृत कार्यालय : ''ऊर्जानिधि'', 1, बाराखंबा लेन, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली - 110001 दूरभाष : 23456000 फैक्स : 011-23412545
Regd. Office : "Urjanidhi", 1, Barakhamba Lane, Connaught Place, New Delhi-110001 Phones : 23456000 Fax : 011-23412545
वैबसाईट / Website : www.pfcindia.com ● CIN : L65910DL1986GOI024862